# 12599 - क्या डॉक्टर को दवा कंपनियों के निमंत्रण स्वीकार करने चाहिए ?

## प्रश्न

मैं एक डॉक्टर हूँ। (मेरा प्रश्न यह है कि) क्या मेरे लिए चिकित्सा कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा पेश किए गए उपहारों और दोपहर के भोजन के निमंत्रण को स्वीकार करना जायज़ है? वे इन चीजों को इसलिए पेश करते हैं ताकि हम कीमत और गुणवत्ता की परवाह किए बिना इन कंपनियों द्वारा निर्मित दवाओं का चयन और नामांकन करें।

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

यदि आप एक ऐसे डॉक्टर हैं जो अपना स्वयं का क्लीनिक चलाते हैं, तो आपके लिए इन कंपनियों के निमंत्रण को स्वीकार करना जायज़ है, बशर्ते कि यह उन दवाओं की गुणवत्ता को प्रभावित न करे जो आप रोगियों को देते हैं। बल्कि आप कीमत को ध्यान में रखते हुए मरीज़ के लिए सबसे अच्छी दवा लिखें, या आप उसे चुनने की आजादी दें। इस आधार पर, इन कंपनियों के निमंत्रण पर आपकी उपस्थिति यह जानने के लिए होनी चाहिए कि उनके पास क्या दवाएँ वगैरह हैं। इसी तरह, यदि आप अपना निजी क्लीनिक नहीं चला रहे हैं, तो भी यदि आपकी उपस्थिति केवल (कंपनी के उत्पादों से) परिचित होने के लिए है, तो इसमें कोई हर्ज नहीं है। लेकिन अगर यह आपको, इन निमंत्रणों के कारण या उपहारों के कारण जो आपको प्रस्तुत किए जाते हैं, एक कंपनी के बजाय दूसरी कंपनी के प्रति पक्षपाती बना देगा, तो यह ठीक नहीं है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि यदि आप अपने स्वयं के क्लीनिक में काम नहीं कर रहे हैं और आप जिस अस्पताल में काम करते हैं, वहाँ आपका प्रभाव है कि वे उसी तरह की दवा खरीदेंगे जो आप उन्हें खरीदने की सलाह देते हैं, तो अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होने के लिए इन निमंत्रणों से दूर रहना बेहतर है।